क्रम	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **राजस्व आवेदन संख्या 716/2025 अनवान रामाराम बनाम लुम्बाराम वगैराह**	नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
09/01/2026	**आदेश** पत्रावली पेश हुई। प्रार्थीगण के वकील उपस्थित। अप्रार्थीगण के नोटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। आज बावजूद सूचना अप्रार्थीगण अनुपस्थित होने से उनके विरूद्ध ईकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। वकील प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। वकील प्रार्थीगण का कथन है कि प्रार्थीगण मौजा शिवकर पटवार शिवकर तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर के खसरा संख्या 73 रकबा 6.9687 हैक्टेयर, भूमि का अभिलिखित खातेदार है तथा अपनी खातेदारी भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहती है, इस हेतु निर्धारित शुल्क जमा करवाने को तैयार है। वकील प्रार्थीगण को सुनने के पश्चात पत्रावली का भी अवलोकन किया गया। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र में अंकित भूमि का अभिलिखित खातेदार है तथा अपनी खातेदारी भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहती है जो उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया प्रार्थीगण मौजा शिवकर पटवार शिवकर तहसील बाडमेर ग्रामीण जिला बाडमेर के खसरा संख्या 73 रकबा 6.9687 हैक्टेयर, भूमि के चारो तरफ पक्के नेखम स्थापित कर नेखमबन्दी करने हेतु तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण को कमीश्नर नियुक्त किया जाकर निर्देश दिये जाते है कि उक्त कार्रवाई प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस/पत्र सूचित करते हुए एक निश्चित तारीख मुकर्रर कर (वर्षाकाल में खड़ी फसल पर सीमांकन व पत्त्थरगढी नही करने बाबत् राजस्व विभाग द्वारा जारी निर्देश दिनांक 04.08.1992 के मद्देनजर) की जावे। कमीश्नर फीस 1500/– अक्षरे एक हजार पांच सौ मात्र निर्धारित की जाती है, जो प्रार्थीगण द्वारा जमा करायी जावें। इस आशय का आदेश तहसीलदार बाडमेर ग्रामीण को जावे। पालना रिपोर्ट प्राप्त होने पर शामिल मिसल हो। पत्रावली फैसल–सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। उप खण्ड अधिकारी बाडमेर	

Signature Not Verified
Digitally signed by Yashwant Shekhar
Date: 2026.01.23 14:43:50 IST
Reason: SelfAttested